आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 रविवार                                                    दिनांक 28.12.2025

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः–

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक– हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी है।

2– भारतीय रेलवे द्वारा अगले पांच वर्षों में रायपुर सहित देश के अड़तालीस प्रमुख शहरों में रेलगाड़ियों की संचालन क्षमता को दोगुना किया जाएगा।

3– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि रायगढ़ जिले के तमनार में कल हुई घटना की जांच की जाएगी।

और

4– बस्तर पंडुम का आयोजन आगामी दस जनवरी से पांच फरवरी तक तीन चरणों में किया जाएगा।

..........

<u>प्रधानमंत्री–मन की बात–01</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक– हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि दो हजार पच्चीस ने हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाले कई क्षण दिए। श्री मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' इस वर्ष हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया।

आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देश के कोने–कोने से माँ भारती के प्रति प्रेम और समर्पण की तस्वीरें सामने आई। लोगों ने अपने–अपने तरीके से अपने भाव व्यक्त किये।

श्री मोदी ने वंदे मातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर लोगों के उत्साह और जज्बे की प्रंशसा की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल के लिए भी वर्ष दो हजार पच्चीस स्मरणीय रहा। श्री मोदी ने विश्व चैंपियनशिप में कई पदक जीतने वाले पैरा–एथलीटों की भी प्रंशसा की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष विज्ञान सहित कई क्षेत्रों में भारत ने कई उपलब्धियां हासिल की। श्री मोदी ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ ने पूरी दुनिया को चकित कर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश नई आशाओं और नए संकल्पों के साथ दो हजार छब्बीस में प्रवेश के लिए तैयार है। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि वर्ष दो हजार छब्बीस विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। उन्होंने सभी को वर्ष दो हजार छब्बीस की शुभकामनाएं दीं।

<u>प्रधानमंत्री–मन की बात–02</u>

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया बड़ी आशा के साथ भारत की ओर देख रही है और इसका सबसे बड़ा कारण युवा शक्ति है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों, नवाचारों और प्रौद्योगिकी के विस्तार ने दुनिया को बहुत प्रभावित किया है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' का दूसरा संस्करण शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा।

अगले महीने की 12 तारीख को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर 'राष्ट्रीय युवा दिवस' मनाया जाएगा। इसी दिन यंग लीडर्स डॉयलाग्घ्स का भी आयोजन होगा और मैं भी इसमें जरूर शामिल होऊंगा। इसमें हमारे युवा इनोवेशन, फिटनेस, स्घ्टार्टअप और एग्रीकल्घ्चर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने आइडिया शेयर करेंगे।

मुख्यमंत्री–मन की बात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर स्थित अपने निवास में जनप्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष के अंतिम 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने स्वदेशी अपनाने, देश में निर्मित उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने तथा बिना चिकित्सकीय परामर्श के एंटीबायोटिक दवाओं के सेवन से बचने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर राष्ट्र को मार्गदर्शन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने वर्ष दो हजार पच्चीस को भारत के लिए उपलब्धियों से भरा गौरवशाली वर्ष बताया।

रेलवे–आधुनिकीकरण

भारतीय रेलवे द्वारा अगले पांच वर्षों में रायपुर सहित देश के अड़तालीस प्रमुख शहरों में रेलगाड़ियों की संचालन क्षमता को दोगुना किया जाएगा। इसके तहत मौजूदा टर्मिनलों पर अतिरिक्त प्लेटफार्म, शहरी क्षेत्र और आसपास नए टर्मिनलों की स्थापना, सिग्नलिंग, यार्ड आधुनिकीकरण, अनुभागीय क्षमता में वृद्धि और मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स तथा आधुनिक रखरखाव जैसी सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के करोड़ों यात्रियों के लिए बड़ा तोहफ़ा है और इससे राज्य की कनेक्टिविटी, व्यापार, उद्योग तथा पर्यटन गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा।

मुख्यमंत्री–तमनार घटना जांच

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि रायगढ़ जिले के तमनार में कल हुई घटना की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनपर कार्यवाही की जाएगी।

गौरतलब है कि तमनार ब्लॉक स्थित धौराभाठा में कल भू–अधिग्रहण और उत्खनन परियोजना का विरोध करने पहुंचे ग्रामीणों और पुलिस के बीच झूमाझटकी हुई थी। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पार्टी पर पथराव किया था। साथ ही बस सहित कई गाड़ियों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी थी। पथराव में महिला थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। जिले में एक निजी उद्योग को गारे–पेलमा सेक्टर–एक कोल ब्लॉक आवंटित किया गया है, जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं।

जी–राम–जी योजना–विशेष कार्यक्रम

विकसित भारत – जी राम जी योजना पर आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर द्वारा आज शाम सात बजकर पांच मिनट पर विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

बस्तर पंडुम

बस्तर पंडुम का आयोजन आगामी दस जनवरी से पांच फरवरी तक तीन चरणों में किया जाएगा। इसके तहत दस से बीस जनवरी तक जनपद स्तरीय कार्यक्रम, चौबीस से तीस जनवरी तक जिला स्तरीय कार्यक्रम और एक से पांच फरवरी तक संभाग स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बस्तर पंडुम की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में रायपुर में उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसमें मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए।

बैठक में बताया इस वर्ष बस्तर पंडुम में विधाओं की संख्या सात से बढ़ाकर बारह की गई है, जिनमें बस्तर जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य, वाद्ययंत्र, वेशभूषा और आभूषण, पूजा–पद्धति, शिल्प, चित्रकला, जनजातीय पेय पदार्थ, पारंपरिक व्यंजन, आंचलिक साहित्य तथा वन–औषधि प्रमुख हैं। बैठक में बताया गया कि बस्तर पंडुम का लोगो, थीम गीत और आधिकारिक वेबसाइट का विमोचन माँ दंतेश्वरी के मंदिर प्रांगण में मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। साथ ही इस बार विशेष रूप से भारत के विभिन्न देशों में कार्यरत भारतीय राजदूतों को आमंत्रित किए

जाने पर भी चर्चा हुई, जिससे उन्हें बस्तर की अद्वितीय सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं और जनजातीय जीवन से अवगत कराया जा सके।

आईईडी–बरामद

बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एफओबी कोप्पागुड़ा से सुरक्षा बलों की टीम ने दो आईईडी बरामद किए हैं। सुरक्षा बलों की टीम एफओबी पीड़िया क्षेत्र में सर्चिंग अभियान पर निकली थी। इसी दौरान पीड़िया कैम्प से कुछ दूरी पर बन रही सड़क के पास से माओवादियों द्वारा लगाए गए ये आईईडी बरामद किए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

मुख्यमंत्री–कैलेंडर विमोचन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में वर्ष दो हजार छब्बीस के शासकीय कैलेंडर का विमोचन किया। राज्य सरकार वर्ष दो हजार छब्बीस को 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में मनाएगी। इसी थीम पर आधारित यह कैलेंडर सशक्त एवं समृद्ध छत्तीसगढ़ के संकल्प को अभिव्यक्त करता है। कैलेंडर के मुख्य पृष्ठ पर छत्तीसगढ़ की पांच प्रमुख शक्तिपीठ को प्रमुखता से स्थान दिया गया है।

कैलेंडर विमोचन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार छब्बीस को महतारी गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया यह शासकीय कैलेंडर महिला सशक्तिकरण, राज्य की प्राथमिकताओं और हमारी उपलब्धियों का सशक्त प्रतीक है।

कर्मचारी–हड़ताल

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राज्य अधिकारी–कर्मचारी फेडरेशन ने कल से तीन दिन तक काम बंद हड़ताल का ऐलान किया है। इस दौरान राज्य के विभिन्न जिला मुख्यालयों में धरना–प्रदर्शन किया जाएगा। राजधानी रायपुर के बूढ़ातालाब के पास भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

प्रोजेक्ट आओ खेल खेलें

रायपुर जिला प्रशासन द्वारा "प्रोजेक्ट आओ खेल खेलें" का शुभारंभ किया गया है। धरसीवां विकासखंड की पैंतीस ग्राम पंचायतों सहित परसतराई और दोंदेखुर्द में इस परियोजना की शुरुआत की गई। रायपुर कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह ने बताया कि इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को खेल के लिए प्रेरित करना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा पंचायतों को मनोरंजन और सकारात्मक गतिविधियों का केंद्र बनाना है। कार्यक्रम के दौरान लूडो, शतरंज, सांप सीढ़ी, कैरम, बजर गेम सहित गांव के पारंपरिक खेल का आयोजन किया जाएगा।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार अगले अड़तालीस घंटों के दौरान उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के एक–दो स्थानों पर शीतलहर चलने की संभावना है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। राजधानी रायपुर में कल धुंध छाई रह सकती है।

संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बेमेतरा के नवागढ़ में लोक कला महोत्सव के तहत ओपन पंथी प्रतियोगिता और बाबा गुरुघासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने एक सौ पैंसठ करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रख्यात राजनेता कुशाभाऊ ठाकरे जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है।

– रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धरसीवां तहसील के गाजी नगर की मतदाता सूची में एसआईआर के दौरान गड़बड़ी का मामला सामने आया है। इसकी जांच के लिए जिला प्रशासन द्वारा तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है।

– दंतेवाड़ा पुलिस ने सायबर ठगी के मामले में दो आरोपियों को बिहार से गिरफ्तार किया है।

– वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने रायगढ़ विकासखण्ड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम महापल्ली और गोपालपुर में महतारी सदनों का लोकार्पण किया।

और

– बलरामपुर पुलिस ने अवैध धान बिक्री गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बड़ी मात्रा में दस्तावेज और नकद राशि बरामद की गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>